मुख्यमंत्री को भेंट की राधा-कृष्ण की मूर्ति

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः संस्कृति विभाग के अंतर्गत श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को राधा-कृष्ण की लगभग 3 फीट ऊंची मूर्ति भेंट की गई। यह मूर्ति मंडला के प्रसिद्ध मूर्तिकार किशोर काल्पीवार ने तैयार की है। श्री काल्पीवार ने बताया कि गोंडवाना और महाकौशल क्षेत्र में मिलने वाली प्राचीन 'कृष्ण शिला' से श्रीकृष्ण की मूर्ति का निर्माण किया गया है। यह शिला लगभग 250 से 350 करोड़ वर्ष पुरानी चट्टानी संरचना वाले क्षेत्र से प्राप्त होती है। शिला में प्राकृतिक रूप से मैटेलिक तत्व भी पाए जाते हैं, जो इसकी विशिष्टता बढ़ाते हैं।

लड्डू गोपाल को सिर पर रखकर राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जन्माष्टमी के अवसर पर जहांगीराबाद स्थित बरखेड़ी के श्री राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना और आरती की। इस दौरान मुख्यमंत्री बाल कन्हैया लड्डू गोपाल को अपने सिर पर धारण कर मंदिर तक लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बरखेड़ी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले जन्माष्टमी झांकी समारोह में भी सहभागिता की और श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया।श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, कर्म और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से प्रदेश में सुख, समृद्धि और शांति का विस्तार हो। मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

भारी बारिश की चेतावनी पर कलेक्टरों को हाई अलर्ट रहने के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी जिलों के कलेक्टरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने शुक्रवार और शनिवार को विशेष रूप से उत्तरी मध्यप्रदेश में भारी बारिश के अलर्ट को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को पूरी तैयारी रखने को कहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन पहले से उपलब्ध रखने तथा अमले को तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए जनहित में सभी एहतियाती कदम समय पर उठाए जाएं।

इंदौर, जबलपुर और भोपाल वार्ड-60 को मिलेगा स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में मध्यप्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण और वायु गुणवत्ता सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के इंदौर और जबलपुर शहरों के साथ भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान 7 सितम्बर को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित स्वच्छ वायु दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा।

इंदौर ने धूल नियंत्रण, वैज्ञानिक सड़क सफाई, हरित पट्टियों के विस्तार, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन और जनभागीदारी के माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधार में बेहतर कार्य किया है। वहीं जबलपुर ने प्रदूषण नियंत्रण उपायों, हरित पहलों और सामुदायिक सहभागिता के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।

भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 ने पहली बार आयोजित वार्ड स्तरीय प्रतिस्पर्धा में स्वच्छता अभियान, हरित आवरण बढ़ाने और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों के आधार पर पुरस्कार हासिल किया है।

प्रेम विवाह के बाद पत्नी मायके में रुकी, युवक ने काटी कलाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के गौतम नगर क्षेत्र में गुरुवार रात पत्नी के साथ घर चलने से इनकार करने पर नाराज एक युवक ने अपने ससुराल पहुंचकर हाथ की कलाई काट ली। युवक ने स्वयं को घायल करने से पहले सास, साले और साली से विवाद किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जेपी नगर निवासी 26 वर्षीय मोहन पंथी फूलों की दुकान पर काम करता है। उसने बताया कि उसकी बहन गीता ने वर्ष 2024 में परिवार की मर्जी के खिलाफ हर्ष मांझी से प्रेम विवाह किया था। रक्षा बंधन के अवसर पर गीता मायके आई थी, लेकिन बाद में उसने पति के साथ जाने से इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज हर्ष ससुराल पहुंचा और विवाद करने लगा। मोहन के अनुसार हर्ष चाकू लेकर घर पहुंचा था। आरोप है कि उसने उसकी मां प्रभा बाई को जान से मारने की धमकी दी और उनके साथ धक्का-मुक्की की। हर्ष ने उनसे कुछ समय के लिए मोबाइल भी मांगा, लेकिन मोबाइल देने से इनकार करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद उसने गाली-गलौज की और मोहन के साथ भी विवाद करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। विवाद के दौरान हर्ष ने अपने पास रखे चाकू से अपनी कलाई पर वार कर लिया। खुद को घायल करने के बाद उसने ससुराल वालों को फंसाने की धमकी भी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मोहन की शिकायत पर गौतम नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दीपक पांडे को टीटी नगर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार

नप्र, भोपाल : डिप्टी कलेक्टर दीपक पांडे को भोपाल के टीटी नगर अनुभाग के एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी किए। श्री पांडे पहले से ही शहर वृत्त में एसडीएम के रूप में पदस्थ हैं और अब वे दो अनुभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

शहर वृत्त के साथ अब टीटी नगर अनुभाग की जिम्मेदारी भी संभालेंगे

टीटी नगर अनुभाग में एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रही डिप्टी कलेक्टर अर्चना रावत शर्मा को कलेक्ट्रेट में अटैच किया गया है। वे करीब दो वर्षों से टीटी नगर अनुभाग में एसडीएम के रूप में पदस्थ थीं। टीटी नगर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले न्यू मार्केट और रोशनपुरा चौराहे पर हाल ही में सीलिंग कार्रवाई को लेकर हजारों व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उस दौरान एसडीएम अर्चना रावत शर्मा व्यापारियों को समझाने के लिए मौके पर पहुंची थीं और उनका ज्ञापन भी लिया था। बताया जाता है कि अर्चना रावत शर्मा स्वयं फील्ड की बजाय कार्यालयीन कार्य करना चाह रही थीं।

नर्सिंग छात्रा ने कॉलेज के लाइब्रेरियन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में नर्सिंग की 36 वर्षीय छात्रा ने एक निजी कॉलेज के लाइब्रेरियन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विकास अग्निहोत्री के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता एक निजी कॉलेज में नर्सिंग की छात्रा है, जबकि आरोपी उसी कॉलेज में लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत है। पढ़ाई के दौरान दोनों की पहचान हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2022 में आरोपी ने शादी का भरोसा देकर पहली बार उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों संबंध में रहे। शिकायत के अनुसार आरोपी ने उसे चार दिन तक अपने कमरे में रखा और इस दौरान उसके साथ ज्यादती की।

शादी का भरोसा देकर संबंध बनाने का आरोप, मामला दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश जारी

बाद में पीड़िता वहां से चली गई थी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ कई बार संबंध बनाए। पिछले कुछ दिनों से आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया और फोन उठाना भी बंद कर दिया। आरोपी के व्यवहार से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने आवेदन की जांच के बाद शुक्रवार सुबह आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

बांके बिहारी मंदिर में विधायक सबनानी ने किया पूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विधायक भगवानदास सबनानी ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सर्वकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने जन्माष्टमी पर लखेरापुरा स्थित श्री जी मंदिर में हरिहर महोत्सव समिति के तिलकोत्सव एवं शोभायात्रा में भी भाग लिया। सांसद आलोक शर्मा सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।